इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 729

29 नवम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

आस्ट्रेलिया के साथ इस्पात क्षेत्र में सहयोग किया जाना

729. श्री नंद कुमार साय:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत और आस्ट्रेलिया ने इस्पात क्षेत्र में सुदृढ़ता लाने और सहयोग करने के लिए बातचीत की है;

(ख) यदि हां, तो क्या भारत में आस्ट्रेलियाई उच्चायोग ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री से विचार-विमर्श किया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त बैठक के दौरान उठाए गए और चर्चा किए गए मुद्दों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन मुद्दों का ब्यौरा क्या है जिन पर दोनों देश सहयोग के लिए सहमत हुए हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (घ): जी हां। दिनांक 22.5.2012 को आस्ट्रेलियाई उच्चायोग के साथ-साथ इस्पात मंत्री जी के स्तर पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अन्य मुद्दों के साथ-साथ आस्ट्रेलियाई वाणिज्यिक संविदाओं में निहित घोषणा और जबरनबंदी के प्रमाणीकरण की शर्त के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया था।

****